आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह रोजगार पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराये जा रहे हैं और नवनियुक्तकर्मी समर्पण और सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष से देश के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने का अभियान चलाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को इनका लाभ मिल सके। शिमला में आज केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने प्रदेश के हितों को ध्यान में रखते हुए नई परियोजनाएं बनाने और इन्हें प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने समाज कल्याण, अन्य पिछड़ा वर्ग, जनजातीय व महिला कल्याण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और कृषि संबंधी केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने लोगों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए इन्हें समयबद्ध पूर्ण करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को घरद्वार के निकट सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है और अधिकारियों को लक्षित समुदायों के कल्याण के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान प्रदेश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और राज्य के लोगों के कल्याण के लिए अनेक अभिनव योजनाएं शुरू की गई हैं।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। ये बात आज उन्होंने कांगड़ा ज़िले के इंदौरा में सिविल अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद कही। शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ–साथ डॉक्टरों, नर्सों और पैरा–मैडिकल स्टाफ की नियुक्तियां कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को अपने गृह क्षेत्र में ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर उन्होंने सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ भी किया और निक्षय वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भेंट

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस महाकुंभ का न्यौता देश के सभी राज्यों को दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विकास मंत्री धर्मपाल सिंह और खेल व युवा मामले राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित प्रदेश की जनता को महाकुंभ में आने का आमंत्रण दिया। इस बार डिजिटल महाकुंभ की भी व्यवस्था की गई है और दुनिया के किसी भी कोने से लोग महाकुंभ देख पाएंगे। इस महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार कई कदम उठा रही है और शैक्षणिक ढांचे में व्यापक बदलाव लाया जा रहा है। हमीरपुर ज़िले के भोरंज क्षेत्र के कैहरवीं चौक में एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। धर्माणी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अध्यापकों और अभिभावकों से बच्चों की प्रतिभा को तराशने का आह्वान भी किया।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने आज से करवट बदली है। राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले कुछ स्थानों पर वर्षा से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे पूरा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। जनजातीय ज़िले लाहौल–स्पिति व किन्नौर सहित कुल्लू, मंडी और चंबा ज़िले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रूक–रूक कर बर्फबारी हो रही है, जबकि निचले मैदानी इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा का समाचार है। हिमपात व वर्षा के कारण समूचा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। ये वर्षा व बर्फबारी फसलों के लिए संजीवनी साबित होगी और इससे किसानों व बागवानों ने राहत की सांस ली है। शिमला ज़िले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुफरी, नारकंडा और चांशल में ताज़ा बर्फबारी के चलते सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ है। ऐसे में शिमला ज़िला प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात, जबकि निचले इलाकों में वर्षा की संभावना जताई है।

.............................................................................................................................................